# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओं ने कल प्रदेश के अलग अलग संसदीय सीटों के लिए किया चुनाव प्रचार, चौथे चरण के चुनाव के लिए आज शाम थम जाएगा प्रचार अभियान।
- लोकसभा चुनाव के सातवें और आखिरी चरण के लिए कल कई वरिष्ठ नेताओं ने किया नामांकन, एक जून को होगा नामांकन, चौदह मई तक दाखिल किये जा सकेंगे पर्चे।
- निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आरोपों को नकारा, पत्र लिख कर अंतिम आंकड़े जारी करने में देरी के आरोपों को तथ्यहीन बताया।
- उपराष्ट्रपति ने अयोध्या पहुंच कर किये रामलला के दर्शन ।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न राजनैतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं और स्टार प्रचारकों द्वारा चुनावी रैलियां और जनसभाएं जारी हैं। इसी कड़ी में कल सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संयुक्त रूप से कन्नौज और कानपुर में गठबंधन प्रत्याशियों के समर्थन में रैली को संबोधित किया।

अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि गठबंधन की सबसे बड़ी जीत उत्तर प्रदेश में होगी। नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के करोड़ों युवाओं को रोजगार देने के बजाय बेरोजगार बनाया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों का कर्ज माफ नहीं किया, लेकिन बाइस पूंजीपतियों का सोलह लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ कर दिया। उन्होंने कहा कि गठबन्धन की सरकार बनने पर कांग्रेस पार्टी किसानों के गरीबी रेखा से ऊपर आने तक आर्थिक मदद जारी रखेगी। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि देश के नौजवान, किसान और मजदूर बदलाव चाहते हैं और इस बदलाव में उत्तर प्रदेश बड़ी भूमिका निभायेगा। राहुल गांधी ने देर शाम लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय संविधान सम्मेलन को भी संबोधित किया और जातिगत जनगणना सहित अन्य मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किये।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर और बहराइच में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा की। श्री योगी ने कहा कि यह संसदीय चुनाव सामान्य चुनाव भर नहीं है। यह विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का चुनाव है। देश की महिलाओं, नौजवानों, किसानों और व्यापारियों समेत हर तबके को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने का चुनाव है।

श्रावस्ती जनपद में भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे और नमो युवा सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनने पर पूरे प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी।

बसपा प्रमुख मायावती ने कल कानपुर में जनसभा कर कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। मायावती ने आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस पूंजीपतियों से पैसा लेकर चुनाव लड़ती है। कांग्रेस की तरह ही भाजपा भी सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रही है। उधर, प्रियंका गांधी ने भी अमेठी में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में 10 साल तक शासन करने के बाद भी बीजेपी के पास दिखाने के लिए कोई ठोस काम नहीं है। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लखनऊ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पिछले दस वर्षों में सबसे अधिक रोजगार दिया है।

**********

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का प्रचार अभियान आज शाम थम जाएगा । इस चरण में प्रदेश की शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच संसदीय सीटों पर तेरह मई को चुनाव होगा । हरदोई जिले में आज शाम प्रचार अभियान थमने के साथ ही आगामी अड़तालीस घंटे के लिए शराब की दुकाने बंद रहेंगी । इस चरण के चुनाव में फर्रूखाबाद की महत्वपूर्ण संसदीय सीट भी शामिल है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

***फर्रुखाबाद लोक सभा सीट पर 17 लाख 13 हजार 583 मतदाता 13 मई को आठ प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इनमें 9 लाख 24 हजार 240 पुरुष मतदाता, 7 लाख 89 हजार 298 महिला मतदाताओं और 40 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इस संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं, जिसमें फर्रुखाबाद सदर, कायमगंज, अमृतपुर, भोजपुर और एटा जनपदी की अलीगंज विधानसभा शामिल है। इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने अपने दो बार के सांसद मुकेश राजपूत पर तीसरी बार भरोसा जताया है। इंडी गठबंधन से सपा के कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर नवल किशोर चुनावी मैदान में हैं। वहीं बसपा ने क्रांति पांडे को टिकट देकर मुकाबले को त्रिकोणीय बना दिया है। 2019 के संसदीय चुनाव में इस सीट पर भाजपा उम्मीदवार मुकेश राजपूत ने बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मनोज अग्रवाल को दो लाख से अधिक वोटों से हराकर जीत हासिल की थी। चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद तीसरे पायदान पर रहे थे। इस चुनाव में जीत पक्की करने के लिए सभी प्रत्याशी जमकर प्रचार कर रहे हैं। गौरव यादव आकाशवाणी समाचार फर्रुखाबाद।***

**********

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की तेरह लोकसभा सीटों पर कल नामांकन की प्रक्रिया के चौथे दिन कई बड़े नेताओं ने अपना नामांकन दाखिल किया। चंदौली से केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार डॉ. महेंद्र नाथ पांडे ने कल अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। महराजगंज लोकसभा सीट के लिए केंद्र सरकार में मंत्री और भाजपा प्रत्याशी पंकज चौधरी ने पर्चा भरा। वाराणसी से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी उम्मीदवार अजय राय और बसपा के प्रत्याशी अतहर जमाल लारी ने कल अपना नामांकन जमा किया। गोरखपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और फिल्म स्टार रवि किशन शुक्ल और इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी काजल निषाद ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके साथ ही बांसगांव लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कमलेश पासवान और इंडिया गठबंधन से कांग्रेस उम्मीदवार सदल प्रसाद ने अपना नामांकन पत्र जमा किया।

गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय ने कल नामांकन किया। उनके साथ भाजपा नेता और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे। वहीं बलिया लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज शेखर और सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय ने पर्चा जमा किया।

सलेमपुर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी रमाशंकर राजभर और कुशीनगर सीट से सपा प्रत्याशी अजय प्रताप समेत चार उम्मीदवारों ने पर्चा भरा।

मऊ जिले के घोसी लोकसभा सीट पर एनडीए गठबंधन से सुभासपा प्रत्याषी अरविंद राजभर और इंडिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी राजीव राय सहित कुल बारह प्रत्याशियों ने कल नामांकन पत्र दाखिल किये।

इस चरण के लिए चौदह मई तक नामांकन पत्र दाखिल होंगे और पंद्रह मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी की आखिरी तिथि सत्रह मई है। इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्रों के लिए एक जून को मतदान होगा।

**********

निर्वाचन आयोग ने मतदान संबंधी अंतिम आंकडे जारी करने में देरी के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आरोप को खारिज कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष को लिखे पत्र में आयोग ने कहा कि यह आरोप अनुचित, तथ्यहीन हैं और पक्षपातपूर्ण भ्रम फैलाने का प्रयास है। श्री खरगे ने सोशल मीडिया पोस्ट में आयोग के पहले के मतदान आंकडो में कथित विसगतियों का उल्लेख किया।

**********

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कल अपनी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ अयोध्या पहुंचकर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन पूजन किये। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद यह उनकी पहली यात्रा थी।उपराष्ट्रपति ने हनुमानगढ़ी मंदिर और कुबेर टीला पहुंच कर दर्शन पूजन किये। इसके बाद उपराष्ट्रपति परिवार समेत सरयू आरती में भी शामिल हुए।

**********

कल अक्षय तृतीया का पर्व पूरे प्रदेश में मनाया गया । प्रदेश के विभिन्न जिलों में कल ही परशुराम जयंती भी मनायी गयी । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अक्षय तृतीया के मौके पर गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख–समृद्धि की प्रार्थना की।

उधर, अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में अक्षय तृतीया के मौके पर रामलला का आकर्षक श्रंगार करके उनको विभिन्न प्रकार के एक हजार फलों का भोग लगाया गया। मथुरा समेत समूचे बृज मण्डल के प्रमुख मंदिरों में अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। बांके बिहारी के दर्शन के लिए वहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही । मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन बांके बिहारी जी के चरण दर्शन और सर्वांग दर्शन करने पर भक्तों पर विशेष कृपा बरसती है।

उत्तराखंड में अक्षय तृतीया पर कल से ही पवित्र चार धाम यात्रा का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये।

**********